Publication: Navbharat
Date: 04/09/2014
Edition: Indore
Page No: 4
Headline: Aditya and Ayush win the IT Wiz

आदित्य-आयुष ने जीती आईटी विज

इंदौर, 3 सितंबर. इंदौर के विभिन्न स्कूलों के 600 से ज्यादा छात्रों ने यूनीवर्सटी ऑडीटोरियम, डीएवीवी यूनीवर्सटी कैम्पस में आयोजित टीसीएस आईटी विज में हिस्सा लिया. भारत के सबसे बड़े अंतर विद्यालयी आईटी क्विज समारोह-टीसीएस आईटी विज का आयोजन दिग्गज आईटी सेवा प्रदाता, सलाहकार और बिजनेस सॉल्यूशंस मुहैया कराने वाली कंपनी टीसीएस द्वारा किया जाता है.

दिलचस्प क्षेत्रीय फाइनल मुकाबलों के बाद सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर, भोपाल के अदित्या नायर और आयुष सोंगरा ने खिताब जीता. इस साल के क्षेत्रीय विजेता टीम के हर सदस्य को आईपैड एयर दिया गया जबकि उपविजेता रहे सेंट अर्नाल्ड्स हायर सेकंडरी स्कूल विजय नगर इंदौर के शीवांश बेहोर और आर्यान दास आईपैड मिनी हासिल करने में कामयाब रहे. इसके साथ उन्हें मेडल और विशेष रूप से तैयार की गई ट्राफी भी दी गई. अंतिम 6 प्रतियोगियों को टीसीएस की ओर से इस श्रंखला में स्पेस पैक, सिपर्स, इयरफोन, यूएसबी पेन ड्राइव, स्पीकर जैसे अन्य इनाम दिए गए .पुरस्कारों का वितरण प्रोफेसर ऋषिकेश, डायरेक्टर और प्रोफेसर, स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंदौर ने टीसीएस आईओएन के उपाध्यक्ष एवं वैश्विक प्रमुख वेंगुस्वामी रामास्वामी ने किया.

आईटी विज में इस साल की प्रतियोगिता में ऐसी तकनीकी रूझानों पर ज्यादा जोर दिया गया जिसकी ओर पूरी दुनिया का ध्यान गया. इस साल की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को भविष्य में इन तकनीकों का फायदा मिलेगा.